आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 17.04.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः—**

1— लोकसभा में आज भी नारी शक्ति वंदन और परिसीमन विधेयक पर हुई चर्चा—केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष दो हजार उनतीस तक महिला आरक्षण लागू करना सरकार का लक्ष्य है।

2— केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को सूचित किया है कि देश में अब कोई भी नक्सली हिंसा प्रभावित जिला नहीं है।

3— झारखंड के हजारीबाग जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए।

**और**

4— मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान छत्तीसगढ़ के मध्य भाग में लू चलने की चेतावनी दी।

..........

**<u>लोकसभा—नारी शक्ति वंदन अधिनियम</u>**

लोकसभा में संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक दो हजार छब्बीस, परिसीमन विधेयक दो हजार छब्बीस और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक दो हजार छब्बीस पर चर्चा हुई।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह लोकसभा में नारी शक्ति वंदन और परिसीमन विधेयक पर हुई चर्चा का इस समय जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार उनतीस तक महिला आरक्षण लागू करना सरकार का लक्ष्य

है। उन्होंने कहा कि दो हजार उनतीस के चुनाव में महिलाओं को आरक्षण देना है, इसलिए यह विधेयक लाया गया।

छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने महिला आरक्षण बिल को 'बेहद गर्व का पल' बताया है, और महिलाओं के सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया है।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम–लागू**

इससे पहले, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करने वाला महिला आरक्षण अधिनियम दो हजार तेईस कल गुरूवार से लागू हो गया। केंद्रीय विधि मंत्रालय द्वारा देर रात इस संबंध मे अधिसूचना जारी कर दी गई।

**केन्द्र सरकार–नक्सलवाद**

केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को सूचित किया है कि देश में अब कोई भी नक्सली हिंसा प्रभावित जिला नहीं है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने अपने पत्र में छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल को सूचित किया है कि सैंतीस जिलों को ''विरासत और विकास जिलों'' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। जबकि एक जिले को ''चिंताजनक जिला'' घोषित किया गया है। 'विरासत और विकास जिला' वह जिला है, जो नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त है। वहीं, ''चिंताजनक जिला'' वह जिला है, जहां नक्सली हिंसा पर नियंत्रण पा लिया गया है , लेकिन निकट भविष्य में निरंतर सुरक्षा और विकास की आवश्यकता है। झारखंड का पश्चिम सिंहभूम जिला इकतीस मार्च के बाद एकमात्र ''चिंताजनक जिले'' के रूप में सूचीबद्ध है।

**माओवादी–मुठभेड़**

झारखंड में आज हजारीबाग जिले के पिपरवार–केरेदारी सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। इनमें माओवादी उप–क्षेत्रीय कमांडर सहदेव महतो भी शामिल है, जिस पर पन्द्रह लाख रुपये का इनाम था। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद और माओवादी सामग्री बरामद की गई।

**मुख्यमंत्री–प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के रणजीता स्टेडियम में आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दो हजार दौ सौ पच्चीस करोड़ रूपए से अधिक की लागत से बनने वाली सात सौ चौहत्तर सड़कों का शिलान्यास भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जा रही इन सड़कों के निर्माण से स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि आधारित गतिविधियों को गति मिलेगी।

**हज यात्रा**

वर्ष दो हजार छब्बीस की हज यात्रा कल से शुरू हो रही है। जायरीन का पहला जत्था देशभर के विभिन्न स्थानों से सऊदी अरब के लिए रवाना होगा। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि मंत्रालय ने जायरीन के लिए सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए इस वर्ष कई नई पहल की हैं। जायरीन के लिए पहली बार लगभग बीस दिन के छोटे हज का विकल्प भी शुरू किया गया है।

**<u>बातों–बातों–में</u>**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **जनगणना–दो हजार सत्ताईस पर छत्तीसगढ़ के जनगणना निदेशक कार्तिकेय गोयल** से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल अट्‌ठारह अप्रैल को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ. एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**<u>प्लांट हादसा–एफआईआर</u>**

सक्ती जिले के वेदांता पावर प्लांट हादसा मामले में पुलिस ने वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल सहित दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। औद्योगिक सुरक्षा विभाग की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि प्लांट में सुरक्षा मानकों के पालन में लापरवाही बरती गई।

गौरतलब है कि बीते चौदह अप्रैल को प्लांट में हुए हादसे में अब तक इक्कीस श्रमिकों की मौत हो चुकी है। पुलिस ने संबंधित अधिकारियों और प्रबंधन की जिम्मेदारी तय करते हुए जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देष दिए गए हैं।

इस बीच, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने पत्रकारवार्ता में कहा कि राज्य सरकार द्वारा उद्योगों में श्रमिकों की सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिए जाने के कारण प्रदेश में दुर्घटनाएं हो रही हैं। वेदांता प्लांट मामले में सरकार द्वारा संयंत्र प्रबंधन और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ बहुत ही सामान्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है, जो जमानतीय है। उन्होंने इस मामले की जांच हाईकोर्ट के जज से कराने की मांग की। वहीं,

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भी आरोप लगाया कि उद्योग विभाग और संयंत्र प्रबंधन की लापरवाही के कारण वेदांता पावर प्लांट में दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि अगर श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर सावधानी बरती जाती, तो इतनी बड़ी संख्या में जनहानि नहीं होती।

## राज्यसभा–उपसभापति

हरिवंश नारायण सिंह लगातार तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति चुने गए हैं। वे निर्विरोध चुने गए। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री हरिवंश को राज्यसभा के उपसभापति पद पर लगातार तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई दी है।

## मौसम

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान छत्तीसगढ़ के मध्य भाग में ग्रीष्मलहर यानी लू चलने की चेतावनी दी है। इस दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। इसका असर रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग में देखने को मिलेगा। वहीं, इस अवधि में बस्तर संभाग के दक्षिणी हिस्से में गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने के आसार है। साथ ही अगले चौबीस घंटों के दौरान बस्तर संभाग में एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवा चलने की चेतावनी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन में करीब पांच सौ पचास करोड़ रुपये के मेडिकल उपकरण और रीएजेंट की खरीदी के मामले में ईओडब्ल्यू ने चार नये आरोपियों के खिलाफ पूरक चालान अदालत में पेश किया है।

–	छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के खिलाफ मसीही समाज के प्रतिनिधि क्रिस्टोफर पॉल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें कानून के कई प्रावधानों को असंवैधानिक बताते हुए उन्हें निरस्त करने की मांग की गई है।

–	बालोद जिले के संबलपुर स्थित एसबीआई कियोस्क केंद्र में एफडी और आरडी कराने के नाम पर ग्राहकों से नौ लाख रूपए की धोखाधड़ी के मामले में डौण्डीलोहारा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

–	जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए युवाओं को चार मई से चार जून तक निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी तीस अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।

–	रायपुर–दुर्ग मार्ग पर कुम्हारी क्षेत्र में खारुन नदी पर बनी पुलिया के मरम्मत कार्य पूरे होने के बाद कुम्हारी टोल प्लाजा के आगे स्थित दोनों पुलों को  आवागमन के लिए खोल दिया गया है।

–	महासमुंद जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने ग्राम पंचायत बेमचा के सरपंच देवेन्द्र चंद्राकर को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

–	रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत कचना रेलवे लेवल क्रॉसिंग, मरम्मत कार्य के कारण आज सत्रह अप्रैल की रात आठ बजे से अट्ठारह अप्रैल की सुबह नौ बजे तक अप लाइन पर बंद रहेगी। इस दौरान आमजन वैकल्पिक मार्ग के रूप में ओवरब्रिज का उपयोग कर सकते हैं।

और

–	सरगुजा जिले के मैनपाट में प्रशासन ने भूमाफिओं द्वारा किए गए पांच से अधिक अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>